देहरादून / 05 अगस्त 2025

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की जिलों की समीक्षा

– बीएलओ,बीएलए एवं ईआरओ की शत प्रतिशत तैनाती के निर्देश

– नए प्रस्तावित पोलिंग बूथों का स्थलीय निरीक्षण करें अधिकारी– मुख्य निर्वाचन अधिकारी

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने मंगलवार को सचिवालय में बूथ लेवल ऑफिसर, बूथ लेवल एजेंट्स एवं नए पोलिंग बूथों के सम्बंध में सभी जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडिया कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि 2 किलोमीटर से अधिक पैदल दूरी एव 1200 से अधिक मतदाताओं वाले पोलिंग बूथों का पुनर्निधारण कर नए प्रस्तावित पोलिंग बूथों पर बीएलओ की तैनाती का प्रस्ताव तैयार कर दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रस्तावित नए पोलिंग बूथों पर सक्षम अधिकारी स्वयं स्थलीय निरिक्षण करें। हर पोलिंग बूथ पर नियुक्त बीएलओ का ईसीआईनेट में अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक बीएलओ को उसका ईसीआईनेट से जेनरेट आईडी कार्ड उपलब्ध करा दिया जाए। जिन जनपदों में एसडीएम स्तर के अधिकारियों के हाल में ही स्थानातरण हुए हैं वहां नए ईआरओ की तैनाती जल्द से जल्द कर दी जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाता एवं राजनैतिक दलों की अहम भूमिका होती है जिसके लिए जरुरी है कि हर पोलिंग बूथ पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी  ने निर्देश दिए कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा बीएलए–1 में नामित प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाए। बीएलओ के माध्यम से बीएलए के साथ समन्वय स्थापित करने की योजना तैयार कर दी जाए। वर्तमान में राजनैतिक दलों द्वारा 131 बीएलए–1 व 2100 बीएलए–2 की तैनाती की जा चुकी है।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 विजय कुमार जोगदंडे, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री मस्तू दास सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से उपस्थित रहे।